तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 नन्हे भक्तों ने निकाली जगन्नाथ की रथ यात्रा




## खबर संक्षेप

### महिला आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 24 तक

**कोरबा।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में संचालित व्यवसाय- कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट 4 सीट अनुसूचित जनजाति, 9 सीट सामान्य, स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी में 3 सीट अनुसूचित जनजाति, 1 सीट सामान्य एवं स्युईंग टेक्नालाजी में 20 सीट अनुसूचित जनजाति, एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी स्युईंग टेक्नालाजी में 19 सामान्य सीट रिक्त है। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है।

### कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 तक

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सलोरा ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं की 80 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य जानकी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया तथा पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी शिक्षक रामावतार साकरे ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### जिले में अभी तक 315.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कोरबा।** जिले में 1 जून से 17 जुलाई तक कुल 315.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में जिले की तहसील कोरबा में 349.5 मिलीमीटर, अजगरबहार 248.3, भैंसमा, 283.7, करतला 225.7, बरपाली 304, कटघोरा 361, दीपका 382.5, दर्री 387.2, पाली 369.8, हरदीबाजार 291.4, पोंड़ीउपरोड़ा 339.2, और पसान तहसील में 239.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन कल

**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन 19 जुलाई को मध्यान्ह 1 बजे से होटल टॉप इन टाउन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं हिमालया फार्मा जिल डिवीजन बैंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में गुदरोग (अर्श, भगंदर) रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित किया गया है। जिसमें आयुर्वेदानुसार गुदरोग के कारण, निदान एवं उपचार पर विशेष प्रकाश डालकर इस विषय पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की जाएगी। इस आयुष चिकित्सक सम्मेलन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी तथा जिले के सभी बी.ए.एम.एस. चिकित्सक सदस्यों के अलावा हिमालया फार्मा जिल डिविजन बैंगलोर के रीजनल मैनेजर आनंद पाण्डेय एवं सेल्स ऑफिसर चक्रपाणि पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### रिस्दी में कल निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**कोरबा।** रिस्दी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन 19 जुलाई को किया गया है। रथयात्रा समय शाम शाम बजे, श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों शामिल होंगे। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के रथ का नगर भ्रमण कराया जाएगा।

## बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में कम हो रही है वर्षा, बांध के भरने की रफ्तार कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सबसे बड़े बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश नहीं हो रही है वहीं बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ा दी है जिसके चलते बांध का वाटर लेवल भरने में तेजी नहीं आ पा रही है। शुक्रवार को बांध का वाटर लेवल 62.25 फीसदी जा पहुंचा है अभी भी बांध को भरने में 38 फीसदी शेष है। किसानों को पानी देने के लिए हाइडल प्लांट की रफ्तार 33 घंटे कर दी गई है। यदि कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई और बांध में पानी आने की रफ्तार तेज हुई तो हाइडल प्लांट की रफ्तार को फुल लोड पर किया जा सकता है।

बारिश के बीच कोरबा जिले के लिए बड़ा अलर्ट जारी किया गया है। मिनीमाता हसदेव बांगो बांध (माचाडोली) में कुल जलभराव 359.66 मीटर है। शुक्रवार को बांध का वाटर लेवर 352.70 मीटर जा पहुंचा है। जो कुल जल भराव का 62.25 फीसदी है। जल संसाधन विभाग की माने तो वर्ष 2025 में 17 जुलाई को 350 मीटर था जबकि इस वर्ष वाटर लेवल 352 के पार पहुंच चुका है लेकिन शुक्रवार तक बांध के कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश नहीं हो रही है। हालांकि जिले में पिछले में 24 घंटे में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जल संसाधन विभाग ने चेतावनी दी है कि आवश्यकता पड़ने पर हसदेव नदी में कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है, जिससे नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। विभाग ने हसदेव नदी के किनारे बसे गांवों, खनिज खदान संचालकों, औद्योगिक इकाइयों और अन्य संस्थानों को अपनी चल-अचल संपत्तियां सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि अचानक आने वाली बाढ़ से होने वाली क्षति के लिए संबंधित लोगों को पहले से सतर्क रहना होगा। हालांकि बांगो बांध को भरने में वक्त है लेकिन जल संसाधन विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है क्योंकि हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल स्थित रहता है और नदी नालों से पानी आने पर कभी भी गेट खोल दिया जाता है।

### हाईडल प्लांट को 33 घंटे किया जा रहा संचालित

**खास बातें**

- 62.25 फीसदी पहुंचा बांध का वाटर लेवल
- बारिश से जल भराव में होगी वृद्धि



### जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

## कोयला कर्मचारी की मौत के 3 महीने के भीतर परिजनों को देनी होगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत लाखों कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक के मिनट्स जारी कर दिए गए हैं। बैठक में कर्मचारियों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी, जबकि लंबित मांगों पर समयबद्ध निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया।

बैठक का महत्वपूर्ण निर्णय तकनीकी दक्षता बढ़ाने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने से जुड़ा रहा। तय किया गया कि सेवा के दौरान इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर, माइनिंग सरदार अथवा सर्वेयर का वैधानिक प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को एकमुश्त एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा जिन कर्मचारियों के पास पहले से ऐसे प्रमाणपत्र मौजूद हैं लेकिन उन्होंने अब तक कंपनी में जमा नहीं किए हैं, उन्हें भी निर्धारित अवधि के भीतर प्रमाणपत्र जमा करने पर इस योजना का लाभ मिलेगा। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित नियमों को भी स्पष्ट किया गया। नए प्रावधान के अनुसार किसी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को तीन माह के भीतर कंपनी को इसकी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही अनुकंपा नियोजन और अन्य लाभों के लिए आवेदन तीन वर्ष के भीतर करना अनिवार्य होगा। आवेदन की जांच के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसकी पूरी जानकारी एक साथ आवेदक को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे आश्रितों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। बैठक में सुरक्षा कर्मियों की भर्ती को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए नए शारीरिक मानकों को मंजूरी दे दी गई है। इससे भर्ती प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में वेतन समझौते से अधिक कर्मचारियों के सेवा नियम, चिकित्सा सुविधा, सामाजिक सुरक्षा और कैडर सुधार से जुड़े विषयों पर फोकस रहा। कई पुराने विवादित मामलों को तय समय सीमा के भीतर निपटाने का फैसला लिया गया। ऐसे में आने वाले समय में कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए कई नयी व्यवस्थाएं लागू हो सकती हैं। महिला कर्मचारियों के लिए अलग शौचालय, सभी खदानों में आरओ प्लांट और बायो टॉयलेट की व्यवस्था की समीक्षा भी बैठक में हुई। प्रबंधन ने बताया कि कोल इंडिया की विभिन्न कंपनियों में 501 आरओ प्लांट और 329 बायो टॉयलेट लगाये जा चुके हैं। इनके नियमित रखरखाव पर भी जोर दिया गया।



फाइल फोटो

### कई अन्य मुद्दों पर चर्चा जारी रखने का फैसला

मानकीकरण समिति की बैठक में पदोन्नति नीति, क्लर्क संवर्ग की पात्रता अवधि, नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन, ठेका श्रमिकों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने, सीएमपीएफ कवरेज के विस्तार तथा जेबीसीसीआई-12 के गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। हालांकि इन मुद्दों पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका लेकिन संबंधित मामलों पर आगे भी चर्चा जारी रखने और जल्द समाधान निकालने पर सहमति बनी।

### कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ

जेबीसीसीआई-11 की बैठक में लिए गए निर्णयों को कोयला कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेष रूप से तकनीकी योग्यता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को आर्थिक प्रोत्साहन, अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता और चिकित्सा एवं सेवा संबंधी सुविधाओं के विस्तार से लाखों कर्मियों और उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 20 हजार तक बढ़ाया गया सेवानिवृत्ति भत्ता

बैठक में बताया गया कि गैर-कार्यपालक कर्मचारियों के लिए सेटलिंग-इन भत्ता पहले ही 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये किया जा चुका है। वहीं टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई में कैंसर के इलाज का पूरा खर्च प्रतिपूर्ति करने की व्यवस्था लागू की गयी है। मेडिकल अटेंडेंस नियमों में अन्य संशोधनों पर भी जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया।

## सीएजी के निदेशक ने किया एसईसीएल के गेवरा परियोजना का निरीक्षण



निरीक्षण करते सीएजी के निदेशक एवं महालेखा परीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के निदेशक (कोयला) एवं भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा (आईएएंडएएस) के अधिकारी आदर्श अग्रवाल ने दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा मेगा प्रोजेक्ट का दौरा कर खनन कार्यों, उत्पादन प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन तथा कॉर्पोरेट सुशासन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की।

दौरे के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें देश की सबसे बड़ी कोयला खदानों में शामिल गेवरा मेगा प्रोजेक्ट की खनन गतिविधियों, कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच व्यवस्था, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा परिचालन दक्षता और सतत विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। निदेशक (कोयला) ने परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण कर खनन कार्यों, उत्पादन प्रक्रियाओं और संचालन प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा परियोजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बिलासपुर स्थित एसईसीएल मुख्यालय में निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन के साथ बैठक की। बैठक में एसईसीएल के परिचालन प्रदर्शन, वित्तीय प्रबंधन प्रणाली तथा कॉर्पोरेट गवर्नेंस से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**खास बात**

- संचालन और सुशासन व्यवस्था की समीक्षा कर दिए निर्देश

## तालाब में नहाने गए ग्रामीण की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा में तालाब में एक व्यक्ति की तैरती लाश मिली हैं। बताया जा रहा हैं की घर से नहाने के लिए निकले 55 वर्षीय व्यक्ति का शव देर शाम तालाब में तैरता मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत नवापारा निवासी सम्मल सिंह (55 वर्ष) गुरुवार शाम अपनी पत्नी से तालाब में नहाने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद पत्नी ने पुत्र बाल सिंह को उनकी तलाश के लिए भेजा। तलाश के दौरान तालाब में सम्मल सिंह का शव पानी में तैरता हुआ मिला। घटना की जानकारी तत्काल ग्राम सरपंच और बांगो थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही की। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला तालाब में डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।



## हसदेव बराज पुल के समीप ट्रेलर को किया गया था खड़ा, ठोंका गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायाता पुलिस की लाख समझाइश के बाद भी ट्रेलर चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे आम लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नया मामला शुक्रवार को सामने आया जहां हसदेव दर्री बराज पुल के समीप सड़क के दोनों दिशाओं में ट्रक को खड़ा कर दिया था जिससे एक एंबुलेंस सहित कई वाहने फंस गई थी। जब यह बात पुलिस कप्तान तक पहुंची तो कप्तान के निर्देश पर यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और पुल के समीप बेतरतीब खड़े तीन पुल को पहले वहां से वाहन को तत्काल हटाने की कार्यवाही कर तत्काल यातायात को बहाल किया गया और तीनों ट्रेलर चालकों पर 10-10 हजार जुर्माना ठोंका गया।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव दर्री बराज पुल के पहले भवानी मंदिर के सीमप शुक्रवार को तीन ट्रैलर पुल के समीप नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े थे। सड़क संकरी होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस को निर्देशित किया जिसके उपरांत यातायात पुलिस के एएसआई मनोज राठौर तत्काल दल बल सहित भवानी मंदिर पुल के पास नो पार्किंग में खड़े तीन ट्रेलर वाहनों को हटाने की कार्यवाही की गई और यातायात व्यवस्था बहाल किया गया और तीनों ट्रेलर चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। प्रत्येक ट्रैलर पर 10-10 हजार का चालान काटा गया है। इस प्रकार कुल 30 हजार का अर्थदंड वसूला गया।




ट्रेलर वाहन पर जुर्माने की कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

### शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

## श्रावण मास के लिए मंदिरों में तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पवित्र श्रावण मास के आगमन को लेकर कोरबा नगर, उपनगरीय क्षेत्र और आसपास के अंचलों के प्रमुख शिवालयों में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। श्रावण मास में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन समितियां व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुट गई हैं।

जिले के ऐतिहासिक पाली शिव मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा कनकेश्वर महादेव मंदिर, नरसिंह गंगा शिवालय, त्रिलोकीनाथ मंदिर, सर्वमंगला मंदिर परिसर स्थित शिवालय, मृत्युंजय मंदिर नगर निगम कॉलोनी, कपिलेश्वर महादेव मंदिर आरएसएस नगर, शिव मंदिर सुभाष ब्लॉक, चकचकवा पहाड़ी कटघोरा तथा कोरकोमा स्थित शंकर खोला शिव मंदिर में भी श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। श्रावण मास शुरू होने में अभी लगभग एक पखवाड़े का समय शेष है। इसे देखते हुए विभिन्न मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पूजा सामग्री तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अन्य आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर प्रबंधन समितियां प्रशासन के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में लगी हुई हैं। श्रावण मास में विशेष रूप से सोमवार के दिन भगवान शिव के जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगती हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी प्रमुख शिवालयों में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।



## खाना बनाते समय आग की चपेट में आई वृद्धा, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 66 वर्षीय वृद्ध महिला अपने घर के चूल्हे में खाना बना रही थी कि इसी दौरान आग की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई। जब तक उसे बचाया जाता तब तक वह पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुकी थी। आनन फानन में आग पर काबू पाया और महिला को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम गोड़मा की है। यहां निवासरत बालकुंवर 66 वर्ष पति रतन सिंह अपने घर के चूल्हे में खाना बना रही थी कि इसी दौरान खाना बनाते हुए उसकी साड़ी आग की चपेट में आ गई और देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जब तक उसका पति घर पहुंच कर आग पर काबू पाता तब तक महिला बुरी तरह से झूलस चुकी थी। जिसके बाद परिजनों की सहायता से बालकुंवर को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम गोड़मा का मामला

## बारिश की आफत


मध्यनगरी चौक।



गीतांजलि सिटी फेस-2


सरकंडा जगदम्बा कालोनी।


व्यापार विहार।


कलेक्टर बंगला।


अंबेडकर स्कूल।


तिफरा विकासनगर।


बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे।

ट्रेनों को अचानक किया गया रद्द, यात्री होते रहे हलाकान

# बारिश ने लगाया ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक, 6 ट्रेन रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश के कारण ट्रेनों की रफ्तार भी ब्रेक लग गया। झारसुगुड़ा से बिलासपुर के साथ रायपुर और कटनी की ओर से बिलासपुर आने वाली यात्री ट्रेनों को पहुंचने में घंटों समय लगा। इसके साथ ही बिलासपुर सहित उसलापुर और आसपास के स्टेशन में रेल लाइन के अलावा यार्ड में पानी भरने की वजह से 6 ट्रेनों को अचानक रद्द करना पड़ा, जिसके कारण हजारों की संख्या में यात्री हलाकान होते रहे।

गुरुवार की रात से शुरु हुई बारिश दूसरे दिन शुक्रवार की दोपहर तक होती रही। इसके कारण शहर और ग्रामीण इलाकों में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं बारिश का असर ट्रेनों की रफ्तार पर भी पड़ा। बिलासपुर के साथ झारसुगुड़ा, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, कोरबा, चांपा के अलावा आसपास में तेज बारिश की वजह से चालक और परिचालकों को भी काफी परेशानी होने लगी। आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम के साथ रेलवे ट्रैक पर भी बारिश का पानी भरने के कारण ट्रेन की रफ्तार धीमी करनी पड़ी। वहीं दुर्घटना की आशंका को देखते हुए कंट्रोल रूम की ओर से सभी चालक, परिचालन एवं गार्ड को वाकाटॉकी के माध्यम से रफ्तार कम करने का आदेश जारी कर दिया गया। रेलवे ट्रैक पर एक साथ मालगाड़ी और यात्री गाड़ियों को एक साथ परिचालन में परेशानी होने लगी, जिसके कारण रायपुर से बिलासपुर और रायगढ़ से बिलासपुर के बीच आने-जाने वाली ट्रेनों को छोटे स्टेशनों में नियंत्रित करना पड़ा। इसकी वजह से सुबह से तीनों रूट से आने वाली मेमू के साथ एक्सप्रेस ट्रेनों को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने में घंटों समय लग गया।


बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर भरा पानी।

**रद्द की गई ट्रेनें:** इसी तरह 68734 बिलासपुर-कोरबा मेमू, 68733 कोरबा-बिलासपुर मेमू, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू, 68746 रायपुर-बिलासपुर मेमू को अचानक रद्द किया गया। वहीं 68745 रायपुर-बिलासपुर मेमू को चांपा स्टेशन में समाप्त करने के बाद 68738 नम्बर के साथ बिलासपुर से रायगढ़ मेमू बनाकर रवाना करते हुए चांपा से बिलासपुर तक केंसिल कर दिया गया। इसके अलावा रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, बिलासपुर से रवाना होने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर रद्द की गई। बिलासपुर स्टेशन में दोपहर को झारसुगुड़ा से आने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू चांपा में समाप्त कर ट्रेन को चांपा से दगोरी के बीच रद्द करने के साथ चांपा से 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू बनाकर झारसुगुड़ा के लिए रवाना कर दिया गया।

### प्लेटफार्म तक भरा पानी

गुरुवार की रात से हो रही बारिश के कारण बिलासपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म से लगे रेलवे ट्रैक पूरी तरह से भर गए। रेलवे ट्रैक पर भरा पानी प्लेटफार्म तक आने के कारण ट्रेन परिचालन में परेशानी उठानी पड़ी। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में ट्रेनों का स्टापेज देने के लिए आठ प्लेटफार्म बनाए गए हैं। इन सभी प्लेटफार्म से लगे रेलवे ट्रैक पर हाईड्रेन पाइप के साथ नालियां भी बनी हुई है, ताकि रेलवे ट्रैक का गंदा पानी नाली के जरिए बाहर निकल सके। गुरुवार की रात को अचानक शुरु हुई तेज बारिश ने स्टेशन के ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।

### यह ट्रेनें रही लेट

- सुबह 6.50 बजे आने वाली 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल दोपहर 12 बजे के बाद यानि 6 घंटे से अधिक।
- सुबह 7.35 बजे आने वाली 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस 11.30 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक।
- सुबह 7.05 बजे आने वाली 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद 8 घंटे से अधिक।
- सुबह 3.45 बजे आने वाली 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 12.30 बजे के बाद 10 घंटे से अधिक।
- सुबह 7.55 बजे आने वाली 01471 पुणे-पुरी स्पेशल फेयर एक्सप्रेस रात 10 बजे के बाद 14 घंटे से अधिक।
- सुबह 9.00 बजे आने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे के बाद 3.30 घंटे से अधिक।
- सुबह 9.10 बजे आने वाली 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस दोपहर 12.30 बजे के बाद 3.30 घंटे से अधिक।
- सुबह 8.50 बजे आने वाली 18745 गेवरारोड-रायपुर मेमू दोपहर 1 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक।
- सुबह 10.00 बजे आने वाली 68745 रायगढ़-बिलासपुर मेमू दोपहर 1 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक।
- सुबह 10.55 बजे आने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद 4 घंटे।
- सुबह 4.40 बजे आने वाली 17434 रक्सौल-तिरुपति विकली एक्सप्रेस शाम 5 बजे के बाद 14 घंटे से अधिक लेट।
- सुबह 9.50 बजे आने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद 6 घंटे लेट।
- सुबह 9 बजे आने वाली 18478 योगनगरी रिषीकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस शाम 7 बजे के बाद 9 घंटे से अधिक।
- दोपहर 2.15 बजे आने वाली 18477 पुरी-योगनगरी उत्कल एक्सप्रेस रात 9 बजे के बाद 7 घंटे से अधिक।
- शाम 5.45 बजे आने वाली 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर लोकल रात 9 बजे के बाद 3 घंटे से अधिक।

0 शाम 5.25 बजे आने वाली 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस रात 9.30 बजे के बाद चार घंटे से अधिक लेट।

# सबस्टेशन में भरा पानी 12 घंटे तक नहीं आई बिजली, व्यवस्था की खुली पोल

**बिलासपुर।** एक दिन की बारिश ने बिजली विभाग की व्यवस्था पर पानी फेर दिया है। बारिश के कारण सबस्टेशनों में पानी भरने की नौबत आ गई और सप्लाई व्यवस्था ठप रही। खास बात यह है कि बरसते पानी के बीच 33 केवी और 11 केवी लाइनों में भी खराबी आने के कारण कई क्षेत्रों में सप्लाई नहीं हो कसी, वहीं जहां बिजली शुरू भी की गई, वहां भी आंखमिचौली के कारण लोगों को रतजगा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

झमाझम बारिश के कारण बिजली व्यवस्था ठप रही है। शहर के तीन सबस्टेशन में पानी भर गया, जिसके चलते सप्लाई बाधित रही, इसके सबसे ज्यादा परेशानी व्यापार विहार सबस्टेशन में देखने को मिली, जहां सुबह 10 बजे से भरा पानी रात तक खाली नहीं कराया जा सका और इसके चलते विद्या नगर, लिंक रोड, तालापारा, व्यापार विहार, मेग्नेटो माल, श्रीकांत वर्मा मार्ग में सप्लाई बाधित रही। इस दौरान 11 फीडर और 40 से अधिक ट्रांसफार्मरों से सप्लाई बाधित रही, लेकिन ज्यादातर फीडर को शाम 4 बजे तक शुरू कराया गया लेकिन इसमें में करबला रोड, व्यापार विहार, तोरवा, नेहरू नगर, लिंगियाडीह, सरकंडा, बंधवापारा, लालखदान, हेमुनगर, जैसे जहों पर रात 8 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। हालांकि जूना बिलासपुर फीडर सुबह 10 बजे से बंद रही, लेकिन रात 8 बजे से शुरू की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।


व्यापारी विहार की बंद रहीं दुकाने।

### अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

जहां 12 से 15 घंटे बिजली बंद होने से उपभोक्ता हलाकान रहे, वहीं बिजली अधिकारियों ने फोन उठाने से गुरेज किया। सबसे ज्यादा दिक्कत पूर्वी डिवीजन के अंतर्गत आई, जहां अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के फोन रिसीव नहीं किया। जिसके चलते बिजली की शिकायत के लोगों को ऑनलाइन विकल्प ही रहा, लेकिन इसके में बिना समाधान के मैसेज प्राप्त होता रहा है।

### 3 फीट तक रहा जल भराव

बताया जा रहा है कि बिजली विभाग ने बंधवापारा, बसंत विहार, वसुंधरा नगर, तोरवा, लिंगियाडीह, नर्मदा नगर जैसे इलाकों में 2 से 3 फीट ऊपर पानी भर गया, सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर को बंद किया। विभाग विभाग के अनुसार दुर्घटना की आशंका के कारण कुछ ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद की गई थी।

# एटीआर का तोते बेचने वाला आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के तोते को बेचने वाले आरोपी को बिलासपुर वन मंडल की टीम ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


आरोपी

बिलासपुर वन मंडल की टीम को सूचना मिली कि घुरू अमेरी के पास एक व्यक्ति तोते की बिक्री कर रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां एक युवत तोते को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। वन विभाग की टीम ने युवक को पकड़कर कार्यालय लाने के बाद पूछताछ किया। आरोपी अशोक नगर निवासी प्रकाश यादव ने बताया कि तोते को उसने तखतपुर के किसी व्यक्ति से खरीदा था।

उक्त व्यक्ति तोते को अचानकमार टाइगर रिजर्व से पकड़कर लाता है। पूछताछ के बाद वन विभाग की टीम ने आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध कायम करने के बाद न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अरपा में बही बुजुर्ग महिला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा के तेज बहाव में बहने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला का शव ऊर्जा पार्क के पास अरपा नदी में झाड़ियों में फंसा मिला, जिसे 112 में तैनात पुलिस जवानों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला है।

जानकारी के अनुसार, लिंगियाडीह स्थित ठाकुर देव मंदिर के पास रहने वाली करीब 65 वर्षीय प्रमिला शुक्रवार सुबह किसी काम से घर से निकली थी। लगातार हो रही बारिश के कारण अरपा नदी और नालों में तेज बहाव था। आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान वह तेज पानी की धारा में बह गईं। दोपहर करीब 1 बजे ऊर्जा पार्क के पास अरपा नदी में एक महिला का शव झाड़ियों में फंसा मिला, सूचना मिलते ही 112 की ईगल टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला। बाद में शव की पहचान प्रमिला के तौर पर हो चुकी है। घटना की सूचना सरकंडा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल प्रारंभिक तौर पर तेज बहाव में बह जाने से डूबने की आशंका जताई जा रही है।

# लगातार बारिश के कारण सिरगिट्टी-तिफरा के उद्योगों में भरा पानी, करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार बारिश के कारण सिलपहरी, सिरगिट्टी के सेक्टर-ए, बी, सी तथा तिफरा औद्योगिक क्षेत्र में पानी भरने से उत्पादन प्रभावित हुआ है और उद्योगों को करोड़ों रुपए के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

- **हर वर्ष बढ़ रही जलभराव की समस्या**

उद्योग संघ के मुताबिक सेक्टर-ए में मैट्रिक्स मोटर्स के आसपास, सेक्टर-बी में अंशु कोल्ड स्टोरेज, शिवांगी ऑयल, नर्मदा ड्रिंक्स, गोलछा ऑक्साइड सहित कई औद्योगिक इकाइयों तथा सेक्टर-सी में अग्रवाल एग्रो, शारदा फ्लोर और बिलासपुर ट्रांसफार्मर समेत अनेक उद्योगों में पानी भर गया है। कच्चा माल और मशीनें जलमग्न होने से उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिला उद्योग संघ ने आरोप लगाया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर नालियां बंद होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इस संबंध में पूर्व में भी सीएसआईडीसी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। संघ का कहना है कि पिछले वर्ष नालियों और सड़कों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, फिर भी निर्माण कार्य अधूरे रहे। नालियों को आपस में नहीं जोड़ा गया और जल निकासी का उचित स्तर भी नहीं रखा गया, जिससे हर वर्ष जलभराव की समस्या बढ़ रही है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र की जिम्मेदारी केवल एक जूनियर इंजीनियर के भरोसे है, जबकि वरिष्ठ अधिकारी नियमित निरीक्षण नहीं करते। उद्योग संघ ने सीएसआईडीसी और राज्य शासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था, अधूरे कार्य पूरे कराने तथा प्रभावित उद्योगों को राहत देने की मांग की है।

**कच्चा माल और मशीनें हुई जलमग्न, उत्पादन रहा प्रभावित**


सिरगिट्टी फैक्ट्री के अंदर भरा पानी।

# पूरक प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए केन्द्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य परीक्षा 2026 में प्रयोगिक विषयों में पूरक प्राप्त परीक्षार्थियों के प्रायोगिक परीक्षा की तिथि एवं केन्द्र घोषित किया गया है।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य परीक्षा में प्रायोगिक विषयों में पूरक आने वाले परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 29 जुलाई से 31 जुलाई तक होगी। पूरक परीक्षार्थी अपने जिले प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होंगे। इसके लिए जिलेवार प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बिलासपुर जिला के लिए शासकीय जेपी वर्मा कालेज बिलासपुर और मुंगेली जिला के लिए शासकीय जेपी मिश्रा साइंस कालेज मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के लिए शासकीय भंवर सिंह पोर्ते कालेज पेण्ड्रा तथा कोरबा जिला के लिए शासकीय ईव्हीपीजी स्नातकोत्तर कालेज कोरबा को प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस तरह संबंधित जिलों के पूरक परीक्षार्थी अपने जिले के निर्धारित कालेज केन्द्र में ही प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होंगे।

# एक दशक का टूटा रिकार्ड, 36 घंटे में बरसा 41 सेमी पानी

**बिलासपुर।** जून से रूठा मानसून जुलाई के दूसरे पखवाड़े में ऐसा उमड़ा, कि पिछले 10 साल का रिकार्ड 36 घंटे में टूट गया। गुरुवार की रात 10 बजकर 40 मिनट से शुक्रवार की दोपहर दो बजे तक लगातार एक ही रफ्तार से हुई बारिश से पूरा इलाका सराबोर हो गया। शहर और आसपास के इलाके में पिछले 36 घंटे में 41 सेंटीमीटर और 24 घंटे में 28 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, पिछले 10 साल में एक ही दिन में इतनी अधिक बारिश नहीं हुई थी। शुक्रवार की दोपहर 2.30 बजे से बारिश थम गई और लोगों ने राहत सांस ली। गुरुवार की दोपहर से आसमान पर घने काले बादल छाए थे, इससे यह महसूस हो रहा था कि झमाझम बारिश होने वाली है, शाम से हल्की बारिश शुरू भी हो गई थी, परन्तु तेज बारिश रात 10 बजकर 40 मिनट से शुरू हुई। लोगों को कुछ देर में बारिश थमने की उम्मीद थी, परन्तु ऐसा नहीं हुआ, पूरी रात झमाझम बारिश होती ही रही, यहां तक कि लोगों की सुबह भी बारिश के साथ हुई। शुक्रवार की सुबह से दोपहर तक कभी धीमी और कभी तेज बारिश का सिलसिला चलता ही रहा। इस दौरान बादल गरजते रहे और बिजली भी चमकती रही। आषाढ़ के मध्य में अतिविष्टी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन लोगों के घरों में जलभराव होने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, इस दौरान कई घरों के बर्तन बाढ़ के पानी में तैरते रहे और लोग अपने घरों में दुबके रहे। बताया जा रहा है कि इस दौरान नगर निगम, एसडीआरएफ और पुलिस को परेशान उठानी पड़ी है।

**10 साल में पहली बार 24 घंटे में 28 सेमी दर्ज की गई वर्षा**

### 3 दिनों तक भारी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड, उड़ीसा के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके चलते भारी बारिश की संभावना है। यह स्थिति 3 दिनों तक रह सकती है। वहीं एक द्रोणिका किमी की ऊंचाई पर बन चुकी है। जिससे मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। खास बात यह रही है कि पिछले 24 घंटें में पारा 32 डिग्री से सीधे 26 डिग्री पर जा पहुंचा है।

## खबर संक्षेप



### जिपं अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर शासन के योजनाओं को पहुंचाने दिया संदेश

**बिंझरा।** सिरमीना मंडल के प्रभारी डॉ. पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा गुरुवार को मंडल क्षेत्र का दौरा करते हुए बुथ क्रमांक 78 के बुथ अध्यक्ष राकेश यादव एवं डीएल ए आनंद सिंह एवं झिनपुरी बुथ क्रमांक 75 के बूथ अध्यक्ष धर्मराज एवं कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने हेतु विचार विमर्श कर करने हेतु कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ सिरमीना मंडल के व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक अशोक रजक उपस्थित रहे।

### विभूति बने भाजयुमो बिलासपुर ग्रामीण के जिला प्रभारी



**पाली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी और जिले के पाली नगर निवासी विभूति कश्यप को भाजयुमो संगठन जिला बिलासपुर ग्रामीण का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा द्वारा की गई है। संगठन द्वारा विभूति कश्यप को यह दायित्व सौंपे जाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह है।

### जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न

**कोरबा।** बालक व बालिका 17, 19 वर्ष ताइक्वांडो बालिका 14, 17 व 19 वर्ष क्रिकेट बालक 14 वर्ष भारत तोलन बालक, बालिका 17, 19 वर्ष कबड्डी बालिका 17 वर्ष फेंसिंग बालक बालिका 14, 17, 19 हॉकी बालक बालिका 19 वर्ष की की प्रतियोगिताएं आयोजित हुआ। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में जिला क्रीड़ा अधिकारी जेके गबेल जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल एवं पूर्व जिला जिला क्रीड़ा अधिकारी केआर टंडन विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी सावित्री डड़सेना, राजेश पांडे, महेश कैवर्त, कलीमरावी, गोपाल दास महंत, श्रीमती ममता मान्नेवार, शिवा कवंर, दिनेश राठिया, देवेंद्र महतो, सनत कलिंकर, प्रियंका चौहान, प्रदीप सिंह, संदीप गौड़, पीयूष पांडे, मानस केशरवानी, राजेश फ्रैंकलिनका योगदान रहा।

### हरदीबाजार में धुमधाम से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा



**हरदीबाजार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला माता रथ यात्रा समिति के तत्वावधान में 16 जुलाई को शाम 4 बजे हनुमान मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। आसमान से होती बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। इस दौरान बैंड बाजे की ताल में लोग नाचते झुमते हुए पटाखे फोड़कर खुशी मनाते दिखे। यात्रा बस्ती होते हुए, बस्ती रोड़, बस स्टैंड, कालेज चौक होकर पुराना दीपका रोड अपने मौसी शशी बाबूराम राठौर के घर पहुंची। इस दरम्यान रास्ते भर भगवान जगन्नाथ प्रभु, सुभद्रा और वलभद्र की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। यात्रा में दिलीप राठौर, तारेश राठौर, लाला राठौर, मयंक राठौर, युवराज कंवर, इंद्रा राठौर, आशीष यादव, लाला यादव, पप्पू राठौर, बबला राठौर, कमलेश राठौर, लक्की राठौर का योगदान रहा।

### बच्चों को बाल्य काल से उपहार के साथ साथ देना चाहिए अच्छे संस्कार : प्रणव

**हरदीबाजार।** ग्राम हरदीबाजार अंतर्गत भांठापारा नेवसा रोड में राठौर परिवार के तत्वधान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा आरंभ से पूर्व भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई, तत्पश्चात कलश स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। कथा व्यास पीठ से प्रणव महराज रलिया बहनपाठ वाले अपने मधुर वाणी से भक्तों को कथा का रसपान करा रहे हैं। महराज जी ने धुंधकारी गोकर्ण की कथा सुनाते हुए कहा कि अपने बच्चों को बचपन से अच्छे संस्कार प्रदान माता पिता को करना चाहिए क्योंकि एक संस्कारवान संतान माता पिता समाज सहित देश का नाम रोशन करता है। सबको सुख प्रदान करता है वहीं बिना संस्कार के मनुष्य पशु तुल्य हो जाता है। महराज ने कथा के माध्यम से अनेक शिक्षा समाज को प्रदान की गई। वर्तमान स्थिति को देखते हुए श्रोताओं से अनुरोध किया कि उपहार कम दो बच्चों में चलेगा लेकिन संस्कार कम नहीं होना चाहिए। कथा 15 से 22 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे प्रभु इच्छा तक प्रवाहित हो रही है।

### नवापारा में आयोजित हुआ न्यौता भोज व सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम

# सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए अत्यंत लाभकारी : राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



साइकिल वितरण करते अतिथि।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा (चैनपुर) में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर न्यौता भोज, छात्र प्रेरणा संगोष्ठी एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत नवापारा के सरपंच छत्रपाल सिंह राठिया थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में होमन सिंह राठिया, अरुण कुमार जगत प्राचार्य बेहरचुवा, सोनसिंह बर्मन प्राचार्य बोतली ,डॉ. पी.के. मेहर आयुर्वेद डॉक्टर केरकछार, खुशीराम केंवट अध्यक्ष पालक समिति ,श्रीमती अंजलि बंजारे सी एच ओ नवापारा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगन्नाथ हिमधर ने की। मुख्य अतिथि छत्रपाल सिंह राठिया ने कहा कि शासन की सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी तथा नियमित उपस्थिति के साथ शिक्षा के प्रति उनका उत्साह और बढ़ेगा। सोनसिंह बर्मन ने शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अरुण कुमार जगत ने सफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को बताया। उन्होंने अपने मधुर गीत चलना है तुमको रुकना नहीं की प्रस्तुति से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। श्री सोनसिंह बर्मन ने शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। श्री अरुण कुमार जगत ने सफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को बताया। उन्होंने अपने मधुर गीत ₹चलना है तुमको रुकना नहीं ₹की प्रस्तुति से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया।स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में डॉ. पी. के .मैहर ने किशोर स्वास्थ्य एवं टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आज के टीकाकरण में एच पी वी के बारे में सी एच ओ श्रीमती अंजलि बंजारे ने भी छात्राओं को टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। पालक समिति के अध्यक्ष श्री खुशीराम केवट ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा शिक्षा को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. जगन्नाथ हिमधर ने विद्यालय की शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार प्रत्येक छात्र-छात्रा के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान कक्षा नवमी की बालिकाओं को शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत अतिथियों के करकमलों से साइकिलें वितरित की गईं। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में बादाम के पौधों का रोपण भी किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जगन्नाथ हिमधर के सौजन्य से समस्त छात्र-छात्राओं के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया, जिसका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया।कार्यक्रम का प्रभावी संचालन श्रीमती प्रतिभा कहरा ने किया तथा टीकाराम लाठिया ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनमोहन सिंह राठिया का विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त श्रीमती सेवती पटेल, विपिन लकड़ा, श्री पवन सिंह कंवर, प्रकाश राठौर, जय सूरज साहू, फ़ॉलेस साहू अधीक्षक, विजय कुमार कंवर, मंगल सिंह, रथराम,संतोष कंवर, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी श्रीमति भुवन राठिया,चन्द्रिकदास एवं कार्यकर्ताओं तथा स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## प्रेरणा महिला मंडल व डीएसपीएम अधिकारियों का सीपेट भ्रमण




भ्रमण के दौरान प्रेरणा महिला मंडल के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेरणा महिला मंडल की सदस्याओं एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा (पूर्व) द्वारा सीपेट साहीमुड़ी का भ्रमण कर जानकारी हासिल की। यह भ्रमण श्रीमति मालती जोशी वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ डी.एस.पी.एम.टी.पी.एस. कोरबा (पूर्व) के विशेष मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। सीपेट के प्राचार्य राजीव लिल्हारे द्वारा सीपेट में संचालित पाठ्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही प्लास्टिक एवं उनसे बनी हुई वस्तुएं हनिकारक ही नहीं होती है बल्कि उपयोगी भी होती है। प्लास्टिक एवं पालिमर उद्योग में आधुनिक तकनीकों का महत्व की जानकारी दी। सीपेट के भावेश प्रजापति ने के माध्यम से संस्थान के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं का अवलोकन करवाया। प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, एक्सट्रूजन तथा गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित आधुनिक मषीनों का निरीक्षण करवाया। साथ ही प्रोसेसिंग यूनिट में प्लास्टिक बाटल, गमले अन्य वस्तुएं बनाने की प्रक्रिया, प्लास्टिक बनाने के रॉ मटेरियल, सभी मशीनों की विस्तृत जानकारी दी। टूल रूम में होने वाली प्रक्रिया को भी जाना। इस भ्रमण से प्राप्त व्यावहारिक अनुभव ने तकनीकी शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया तथा आवश्यक कौशल एवं ज्ञान के महत्व को समझने में सहायता मिली। इस भ्रमण में प्रेरणा महिल मंडल की अध्यक्ष श्रीमति अल्का कंसल ने बताया कि महिलाओं के लिए सीपेट कोरबा का यह षैक्षणिक भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा।

**खास बात**

- डीएसपीएम व कोरबा पूर्व के चीफ केमिस्ट के नेतृत्व में हुआ भ्रमण।

# लीलागर नदी पर बना पुल लेकिन राहगीरों को अब भी एप्रोच रोड का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार नेवसा के बीच बहने वाली क्षेत्र की एक मात्र जीवनदायिनी लीलागर नदी पर पुल बनाया गया गया लेकिन एप्रोच रोड के लिए अभी भी स्थानीय क्षेत्रवासियों को इंतजार करना पड़ेगा। ज्ञात रहे कि अच्छी बारिश होने पर नदी का पानी सड़क से 3-4 फीट ऊपर बहने लगती है जिससे सड़क के दोनों ओर से आवागमन बंद हो जाती है। यह सड़क मार्ग हरदीबाजार से नेवासा, उतरदा, सिरली, कसियाडीह झांझ, बोईदा होकर नीरतू, कुली, सीपत बिलासपुर को जाती है। पुल निर्माण का कार्य विगत दो वर्षों से हो रहा है, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व आम लोगों ने लीलागर नदी पर पुल बनाने जिला प्रशासन सहित मंत्रीयों तक मांग रखी गई थी। काफी प्रयास से पुल का निर्माण संभव हो पाया। अब पुल बन तो गया लेकिन पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बन पाया। जिसे अप्रैल या बारिश से पहले पूरा हो जाना था लेकिन एप्रोच रोड नहीं बनने से बड़ा नुकसान हो सकता है। इस मार्ग से आम लोगों के साथ साथ यात्री बसें सहित स्थानीय विधायक इसी मार्ग का उपयोग करते हैं।

## बिजली के तार पर बैठा था अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**कोरबा।** जिले के दादर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब मेले के समीप बिजली के तार पर एक 8 फीट का अजगर बैठा दिखाई दिया। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन मौजूद थे, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी। सूचना मिलते ही कोरबा वन मंडल की अधिकृत रेस्क्यू टीम के सदस्य जितेंद्र सारथी की टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्य राजू बर्मन, राकेश मानिकपुरी, साहिल एवं बॉबी ने भीड़ को सुरक्षित दूरी पर हटाया और पूरी सावधानी के साथ अजगर का रेस्क्यू किया, रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# माँ राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ-भक्ति में झूमा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री सप्तदेव मंदिर एक बार फिर भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का केंद्र बन गया, जब अमावस्या के पावन अवसर पर माँ श्री राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में गूंजते मंगल गीतों, जयकारों और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। उक्त कार्यक्रम का विशेष आकर्षण श्रीमती लीना अग्रवाल एवं उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत संगीतमय मंगलपाठ रहा। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा चूड़ा, चुनड़ी और सोलह श्रृंगार से सुसज्जित मंगलपाठी बहनों ने एक स्वर, एक भाव और एक लय में मंगलपाठ प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्ति और संस्कृति के इस अद्भुत संगम ने मंदिर परिसर को मानो राजस्थानी आध्यात्मिक लोक में परिवर्तित कर दिया। जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता तथा श्रीकृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। 11 सितम्बर को भादी अमावस्या के शुभ अवसर पर माँ श्री राणीसती दादी का विशेष भव्य संगीतमय मंगलपाठ एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छतीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

# ग्राम पताढ़ी व खोडल के मुख्यमार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली



ग्राम पताढ़ी तथा खोड्ल में भारी वाहनों के आवाजाही से ग्रामीणों को खासा परेशानी हो रही है। दरअसल कोरबा पावर प्लांट में कोयले की आपूर्ति के लिए बड़े बड़े ट्रेलर गाड़ियों का उपयोग किया जाता है जिसमे कोयला भरकर प्लांट लाया जाता है और ये बड़ी बड़ी गाड़यिां के संयंत्र के गेट से लेकर सर्विस लेन में सुबह से शाम खड़ी रहती हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। संयंत्र में प्रवेश मिलने पर भारी वाहन तेज गति से वाहन चलाते हैं जिसके कारण अंडर पास से सड़क पार करने वाले राहगिरों को दुर्घटना का भय बना रहता है। इतनी भारी संख्या में ट्रेलर कोयला लेकर आ रहे हैं तो प्लांट के द्वारा सड़क किनारे पार्किंग लगाने की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए जिससे स्थानीय राहगिरों को समस्या से राहत मिल सके।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### शिप्रक गोयल नीट में बने स्टेट टॉपर, ऑल इंडिया 117वीं रैंक



**कोरबा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के घोषित परिणामों में छत्तीसगढ़ के होनहार छात्र जिले के बालको निवासी दवा व्यवसायी के भांजे शिप्रक गोयल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने 99.99 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 117 प्राप्त की है। इसी उपलब्धि के साथ वे प्रदेश की छात्रा चार्वी अग्रवाल के साथ छत्तीसगढ़ के संयुक्त स्टेट टॉपर बने हैं। शिप्रक गोयल राजधानी रायपुर में प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. रवि गोयल एवं माता रेनू गोयल के सुपुत्र हैं। उन्होंने इस परीक्षा में 720 में से 690 अंक अर्जित किए हैं। विषयवार प्रदर्शन भी बेहद शानदार रहा। बायोलॉजी में 99.54, केमिस्ट्री में 99.97 तथा फिजिक्स में 99.98 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उन्होंने कुल 99.99 पर्सेंटाइल हासिल की। शिप्रक गोयल का जिले से भी विशेष जुड़ाव है। वे मेडिसिन सेंटर (बालको) के संचालक परमानंद अग्रवाल (पिंटू) के भांजे हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से परिवारजनों, रिश्तेदारों, नगरवासियों, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। लगातार उन्हें शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ आज होगी रन फॉर ग्रीन मैराथन

**कोरबा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरबा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत रन फॉर ग्रीन कार्यक्रम का आयोजन 18 जुलाई को प्रातः 7 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ओपन थिएटर, घंटाघर, कोरबा में होगा। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना तथा स्वच्छ एवं हरित कोरबा के निर्माण में जनसहभागिता सुनिश्चित करना है। मैराथन के समापन के पश्चात प्रतिभागियों द्वारा वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी एवं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में छत्तीसगढ़ की विजेता टीम की कप्तान सुश्री किरण पिस्दा विशेष आकर्षण के रूप में उपस्थित रहेंगी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए 50 हजार रूपये से अधिक राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत करेंगी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह तथा निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति रहेगी।

### बाढ़ क्षेत्र से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

**कोरबा।** वर्षाकाल के दौरान आवश्यकता होने पर मिनी माता बांगो बांध माचाडोली से हसदेव नदी में पानी प्रवाहित किया जायेगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता हसदेव बांगो बांध संभाग क्रमांक 3 माचाडोली ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया है कि उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जायें। बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेवें। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध ने कहा है कि अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध ने बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, चर्रा, पोड़ी उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कलमीपारा, सिलीयारीपारा, जूनापारा, तिलाईडाड, डुगुपारा, टुंगुमांड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेलगांव, झाबू, नवागांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल हैं।

### ओज़ोन न्यूरो सेंटर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज




**कोरबा।** रिस्दी चौक रजगामार रोड स्थित ओज़ोन न्यूरो सेंटर द्वारा कोसाबाड़ी चर्च में 18 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया है। की जा रही है। यह शिविर रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कोसाबाड़ी चर्च परिसर में संचालित की जाएगी। शिविर में ओज़ोन न्यूरो सेंटर के चेयरमेन व न्यूरो सर्जन डॉ0 प्रदीप त्रिपाठी, स्त्री व प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ0 दीक्षा गर्ग तथा लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल डॉ0 गोविंद यादव व एमडी मेडिसीन डॉ प्रत्युष गर्ग अपनी सेवाएं देंगे। उपस्थित जनों का बीपी, शुगर, की परीक्षण की जाएगी एवं लोगों को स्वस्थ रहने की जानकारी भी दी जाएगी।

## लगातार घुमंतू जानवरों का किया जा रहा रेस्क्यू

# पीड़ित परिवार से मिले महापौर व आयुक्त बंधाया ढाढस, 1 लाख की दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दादरखुर्द बस्ती में गुरूवार शाम कुत्तों के झुंड के हमलों से बच्चे की हुई मौत से पीड़ित परिवार को ढाढस बधाने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय दादरखुर्द पहुंचे, उन्होने मृतक बच्चे के माता-पिता से मिलकर उन्हें ढाढस बधाया तथा इस अत्यंत दुखद व मार्मिक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये परिवारजनों को निगम प्रशासन से हरसंभव सहायता दिये जाने का भरोसा दिलाया। महापौर श्रीमती राजपूत ने पीड़ति परिवार को 1 लाख रूपये की अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया।

विगत गुरूवार को निगम क्षेत्र की दादर बस्ती में कुत्तों के झुंड के हमले से छोटे बच्चे प्रकाश पटेल की दुखद मृत्यु हो गई थी, बच्चे का परिवार मूलतः पडोसी जिले जांजगीर चांपा के मोहतरा गांव का रहने वाला है, बच्चे के माता-पिता दादरखुर्द में रहकर रोजी-मजदूरी का कार्य करते हैं। मृतक बच्चे प्रकाश पटेल के मामा नारायण प्रसाद पटेल एवं अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के दिन बच्चे के माता-पिता बच्चे को साथ लेकर घर के नजदीक ही रोजी मजदूरी करने गये थे, कुछ समय बाद बच्चा दादरखुर्द में आयोजित रथयात्रा में जाने को कहा तो उसके माता-पिता कहा कि ठीक है, घर जाकर तैयार होकर रथयात्रा में चले जाओ, बच्चा जैसे ही घर के समीप पहुंचाही था कि कुत्तों के झुंड ने घेरकर उस पर हमला कर दिया, तथा बुरी तरह घायल कर दिया, बच्चे को मेडिकल कालेज ले जाया गया, किन्तु इलाज के दौरान बच्चे की दुखद मौत हो गई। घटना की जानकारी प्राप्त होने पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय दादरखुर्द बस्ती पहुंचे तथा पीड़ति परिवार व बच्चे की माँ एवं पिता से भेंटकर उन्हें ढाढस बधाया, उन्होने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



पीडित परिवार को सहायता राशि देते महापौर एवं निगम आयुक्त।

### हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये मृतक बच्चे के पिता किशोर पटेल को 1 लाख रूपये की अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया, उन्होने श्री पटेल को ढाढस बधाते हुये कहा कि हम सब उनके साथ हैं तथा उन्हें आगे किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी होती है तो वे तत्काल मुझे बताये, उनका हरसंभव सहयोग किया जायेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता चैहान, मण्डल अध्यक्ष राजेश राठौर भी उपस्थित थे।

### 1040 कुत्तों का टीकाकरण व 425 का हो चुका बध्याकरण

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि निगम द्वारा आवारा कुत्तों की जनसंख्या को रोकने के लिये लगातार बध्याकरण का कार्य किया जा रहा है तथा अब तक 1040 से अधिक कुत्तों का टीकाकरण किया जा चुका है, वहीं 425 कुत्तों का बध्याकरण भी हो चुका है तथा यह कार्यवाही आगे निरंतर जारी रहेगी। उन्होने बताया कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण हेतु प्रगतिनगर दर्री में पशुजन्म नियंत्रण, बध्याकरण तथा इन कुत्तों की देखभाल हेतु पशुजन्म नियंत्रण केन्द्र स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# शादी का झांसा देकर सीएएफ के प्लाटून कमांडर ने किया युवती का दैहिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शादी का झांसा देकर एक युवती का लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और बाद में अपने वादे से मुकर जाने वाले सी ए एफ प्लाटून कमांडर के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है आरोपी की तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- युवती की शिकायत पर दर्री पुलिस ने दर्ज किया मामला

मिली जानकारी के अनुसार मुड़ापार क्षेत्र की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती ने गुरुवार को थाने में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी जान-पहचान डूमरमुड़ा दर्री निवासी प्रमोद महंत नामक युवक से हुई थी और दोनों एक दूसरे से बातचीत करने लगे। प्रमोद सी ए एफ में प्लाटून कमांडर के पद पर कार्यरत है। इस बीच प्रमोद ने युवती को शादी का झांसा देकर 11 मई 2025 को अपने पास बुलाकर उसके साथ जबरजस्ती बलात्कार किया। इसके बाद आरोपी लगातार शादी का झांसा देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने विवाह करने का दबाव बनाया तो आरोपी कोई न कोई बहाना बनाकर लगातार समय मांगता रहा। जब आरोपी प्रमोद महंत ने पीड़िता से विवाह करने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने इस मामले की लिखित शिकायत दर्री थाना में की है। दर्री थाना प्रभारी तेज प्रताप यादव ने बताया कि युवती की शिकायत पर प्रशिक्षु प्लाटून कमांडर प्रमोद महंत के खिलाफ धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### जमीन में सो रही महिला को सर्प ने डसा, मौत

**कोरबा।** एक महिला अपने ससुराल से मायके आई हुई थी। जहां वह जमीन पर सोयी हुई थी। इस दौरान किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जहां शुरू कर दी है। मामला पड़ोसी जिला रायगढ़ के ग्राम पानीखेत निवासी पांचो बाई 39 वर्ष पति सुरेश कंवर सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झगरहा अपने मायके आई हुई थी। गुरुवार की रात खाना खाकर वह जमीन पर सोयी हुई थी कि इसी दौरान देर रात को किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने देर रात को ही उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान तो उसकी मौत हो गई।

# बंद पड़े राखड़ बांध को दोबारा शुरु कराने पहुंचे बिजली अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले 3 वर्षों से बंद पड़े ग्राम लोतलोता स्थित राखड़ बांध को दोबारा शुरु करने पहुंचे बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों को बिजली अधिकारियों ने पहले समझाइश का प्रयास किया फिर इसके बाद मारपीट की धमकी देते हुए हर हाल में काम शुरु करने की चेतावनी दी जिससे माहौल गरमा गया और ग्रामीण और बिजली कर्मचारियों की भिड़ंत हो गई। ग्रामीणों ने साफ कह दिया कि जब तक लंबित मुआवजा व रोजगार की मांग पूरी नहीं होगी तब तक बंद पड़े राखड़ बांध को दोबारा शुरु नहीं होने दिया जाएगा। घंटों तक वाद विवाद की स्थिति बनी रही जिसके बाद आखिरकार बिजली अधिकारियों को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत लोतलोता स्थित बंद पड़े राखड़ डैम को दोबारा शुरू करने को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर गहरा गया। यह वही लोतलोता राखड़ डैम है जिसे वर्ष 2023 में भर जाने और पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बंद कर दिया गया था। डैम बंद होने के बाद यहां पौधरोपण किया गया, मिट्टी भराई की गई तथा राख परिवहन की पाइपलाइन भी हटा दी गई थी लेकिन हाल ही में कंपनी द्वारा यहां दोबारा पाइपलाइन बिछाने और डेम को पुनः उपयोग में लाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए कि जब डैम तीन वर्षों से बंद था तो अचानक इसे दोबारा शुरू करने की आवश्यकता क्यों पड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि 21 अप्रैल को झाबुआखार राखड़ डैम टूटने की घटना और उसमें एक युवक की मौत के बाद क्षेत्र के लोगों में स्वाभाविक रूप से भय का माहौल है। उसी घटना के बाद विशेषज्ञों की टीम ने लोतलोता डैम का भी निरीक्षण किया था, लेकिन आज तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। ऐसे में बिना तकनीकी रिपोर्ट और पर्यावरणीय स्वीकृति सार्वजनिक किए डैम को दोबारा चालू करने का प्रयास उचित नहीं माना जा सकता। गौरतलब है कि पूर्व में भी जब सीएसईबी द्वारा लोतलोता डैम तक नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, तब ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया था। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा था कि यदि कंपनी के पास शासन एवं पर्यावरण विभाग की आवश्यक स्वीकृतियां हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए, उसके बाद ही कार्य शुरू किया जाए। विरोध के बाद सीएसईबी ने अधिवक्ता के माध्यम से जनपद सदस्य जीवन लाल यादव, ग्रामीण प्रतिनिधि सुदीम यादव तथा पूर्व सरपंच केशव (केसर) भारिया को नोटिस भेजते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में ग्राम पंचायत लोतलोता ने लिखित उत्तर देकर कहा था कि ग्रामीण केवल जनसुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की चिंता कर रहे हैं तथा यदि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। इस मामले में एचटीपीपी के अधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा लोतलोता राखड़ बांध में 3 माह तक राखड़ विस्थापन की स्वीकृति दी गई है। यही वजह है कि बंद पड़े राखड़ बांध को दोबारा शुरु करने की कवायद शुरु की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका विरोध किसी विकास कार्य के खिलाफ नहीं है। उनका कहना है कि वे केवल यह जानना चाहते हैं कि जब डैम पर्यावरणीय कारणों से बंद किया गया था, तब अब उसे पुनः किस आधार पर प्रारंभ किया जा रहा है। यदि कंपनी के पास पर्यावरण विभाग, शासन एवं अन्य सक्षम प्राधिकारियों की सभी वैध स्वीकृतियां हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए ताकि ग्रामीणों की शंकाएं दूर हो सकें।

**खास बातें**

- घंटों तक ग्रामीणों व अधिकारियों के बीच बनी रही विवाद की स्थिति, वापस लौटे अधिकारी
- 3 साल से बंद पड़े लोतलोता राखड़ बांध में दोबारा राख विस्थापन शुरु करने का मामला

### मारना पड़ा तो मारेंगे पर काम चालू करेंगे

एचटीपीएस के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बातचीत के दौरान अधिकारी ने कहा कि यदि मारना पड़ा तो मारेंगे और आज ही काम चालू करेंगे। इस कथित बयान के बाद मौके पर मौजूद लोगों में नाराजगी बढ़ गई। हालांकि कुछ समय बाद अधिकारी ने ग्रामीणों को पुनः समझाते हुए कहा कि उनके कथन का गलत अर्थ निकाला गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय "यदि मार खाना भी पड़े तो मार खा लेंगे, लेकिन काम करना पड़ेगा" था न कि किसी को मारने की धमकी देना। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों के धमकी का वीडियो उनके पास मौजूद है आवश्यकता पड़ने पर इसे संबंधित अधिकारियों के पास प्रस्तुत करेंगे।

### नहीं बनी सहमति, बैठक में होगी चर्चा

बताया जा रहा है कि फिलहाल कंपनी और ग्रामीणों के बीच तत्काल कोई सहमति नहीं बन सकी। हालांकि दोनों पक्षों के बीच आगे बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है, जिसमें ग्रामीण अपनी मांगों और आपत्तियों को विस्तार से रखेंगे तथा कंपनी प्रबंधन भी अपना पक्ष प्रस्तुत करेगा। अब पूरे मामले पर क्षेत्रवासियों की नजरें प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हैं। ग्रामीणों की मांग है कि लोतलोता राखड़ डैम की स्वतंत्र तकनीकी जांच, सुरक्षा ऑडिट और पर्यावरणीय स्वीकृतियों को सार्वजनिक किए बिना किसी भी प्रकार का संचालन प्रारंभ नहीं किया जाए, ताकि भविष्य में झाबु जैसी किसी भी संभावित दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# आईजी ने छुरी सराफा कारोबारी से लूटपाट के मामले में 26 पुलिस कर्मियों को किया पुरुस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों छुरी के सराफा कारोबारी के शॉप में घुसकर तीन युवकों ने दिनदहाड़े मिर्ची पाडर छिड़कर लूटपाट की कोशिश की थी। इस मामले को सुलझान के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने स्वयं कमान अपने हाथों में लेते हुए विशेष टीम गठित की थी और मामले को सुलझाते हुए आरोपियों को दरदबोचा गया था, बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने इस पूरी टीम की पीठ थपथपाते हुए टीम में शामिल 26 अधिकारी कर्मचारियों को 19 हजार 400 रुपए नगद पुरस्कार दिया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरीकला स्थित राज ज्वेलर्स सराफा दुकान में तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा लूट करने की नीयत से देशी कट्टा दिखाकर दुकान के संचालक राजकुमार अग्रवाल की आँखों में मिर्च पाउडर डालकर लूट करने की कोशिश किया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ग्राम घुचापुर चौकी कोरबी निवासी गोपाल सिंह गोंड़ उम्र 38 वर्ष पिता स्व. उज्जवल सिंह गोंड़, ग्राम झिलगा बरपाली थाना श्यांग निवासी परदेशी राठिया उम्र 40 साल पिता गुरूवार सिंह को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने अधिकारी, कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए पुरुस्कृत किया है जिनमें निरीक्षक मोतीलाल पटेल, एवं निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी रक्षित केन्द्र को दो हजार रुपए, उनि अजय सोनवानी सायबर पुलिस थाना, सउनि राम कुमार पाण्डेय, प्र.आर गुनाराम सिन्हा, आर. डेमन ओग्रे, आर. सुशील यादव, आर. आलोक टोप्पो, आर रितेश शर्मा, आर विरकेश्वर प्रताप सिंह, एक-एक हजार रुपए की राशि से पुरुस्कृत किया गया है। इसी तरह प्रशिक्षु उनि. नकुल झरिया, सउनि. राजेन्द्र सिंह को 500 रुपए एवं प्रआर अनुज सिंह, प्रआर गोपाल यादव, प्र.आरराजेश कंवर, आर प्रशांत सिंह, आर. रवि चौबे, आर संजीव सिंह, आर श्याम सिदार, आर सुनील सिंह को 5 सौ रुपए नगद राशि से पुरुस्कृत किया है। प्रशिक्षु उनि दीपक कुमार, प्रआर विरेन्द्र भगत, आर प्रकाश चंद्रा, आर पुष्पेन्द्र कुर्रे, आर अजय खूंटले, आर रामचरण उरांव चार-चार सौ रुपए की राशि से पुरुस्कृत किया गया है।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम छुरी में विगत दिनों कट्टे की नोंक पर हुई थी वारदात

### शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरीः यादव

**कोरबा।** विद्यार्थियों को केवल अकादमिक शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान, नैतिक मूल्यों और संस्कारों से भी जोडऩा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। बदलते सामाजिक परिवेश, तकनीक के बढ़ते प्रभाव और जीवनशैली में आए बदलाव के बीच बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश बेहद जरूरी है। यह बात शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ शिक्षक टेकराम यादव ने कही। गायत्री परिवार से जुड़े शिक्षक टेकराम यादव पिछले कई दशकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। उनका मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना या नौकरी हासिल करना नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को एक अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अकादमिक शिक्षा विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करती है, लेकिन यदि इसके साथ संस्कार, व्यवहारिक समझ और मानवीय संवेदनाओं का विकास नहीं होगा तो शिक्षा अधूरी रह जाएगी। संस्कारों से युक्त विद्यार्थी परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से समझते हैं तथा जीवन की चुनौतियों का सकारात्मक तरीके से सामना कर पाते हैं।

## ड्रीम इंडिया स्कूल में हुआ आयोजन

# नन्हे भक्तों ने निकाली जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ड्रीम इंडिया स्कूल में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा, जहां नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की रथ यात्रा निकालकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की मनमोहक झांकी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुसज्जित रथ के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राएं जय जगन्नाथ के जयघोष करते हुए श्रद्धा और उल्लास के साथ यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। बच्चों ने भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं भावपूर्ण बना दिया।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411